## हाई कोर्ट के निर्देश पर जनहित याचिकाकर्ता ने पेश किया सुझाव

# नर्मदा में मिलने वाले नालों की पहचान कर एसटीपी लगाया जाए

### *नर्मदा में दूध सीधे बहाने की जगह कलेक्शन टैंक बनाने की सलाह*

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में जनहित याचिकाकर्ता की ओर से सुझाव पेश किए गए। जिनमें कहा गया कि नर्मदा में मिलने वाले नालों की पहचान कर एसटीपी लगाया जाए। यही नहीं ट्रीटेट वाटर के कृषि, सिंचाई व औद्योगिक उपयोग को भी गति दी जाए। नर्मदा में दूध सीधे बहाने की जगह कलेक्शन टैंक बनाए जाएं। ऐसा इसलिए क्योंकि श्रद्धा के नाम पर अकेले सीहोर में नर्मदा में 11 हजार लीटर दूध बहा दिया जाता है। लिहाजा, नर्मदा घाटों पूजा के लिए कम दूध के इस्तेमाल के सुझाव को गंभीरता से लिया जाए। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने उक्त सुझावों को रिकार्ड पर ले लिया। इसी के साथ सभी पक्षों को इन सुझावों के संदर्भ में जवाब पेश करने निर्देश दे दिए। इसके लिए दो सप्ताह का समय दिया है। अगली सुनवाई 12 मई को होगी

दरअसल, यह मामला नाले के गंदे व विषैले पानी से सब्जी उगाने, नर्मदा में मिलने वाले नाले और संक्रमित पानी की आपूर्ति से जुड़ी तीन याचिकाओं से संबंधित है। कोर्ट ने विगत सुनवाई में सभी पक्षों को उक्त समस्याओं के समाधान के लिए ठोस उपाय सुझाने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने यह भी कहा था कि इंदौर में व्यवस्थाएं दुरूस्त हुई हैं, क्योंकि वहां जनता प्रशासन को पूरा सहयोग करती है। लिहाजा, नर्मदा प्रदूषण रोकने दूरगामी और ठोस सुझाव देना चाहिए।

विगत सुनवाई के दौरान मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने नालों के पानी की जांच रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ था। रिपोर्ट में कहा गया था कि शहर के लगभग सभी नालों के पानी में भारी मात्रा में सीवेज मिलता है, जिस कारण वह अत्यंत दूषित है। यह पानी पीने, निस्तार और सिंचाई के लिए पूर्णतः अनुपयोगी है। रिपोर्ट में कहा गया कि यदि नालों का यह पानी वाटर पाइप लाइन में मिल गया तो गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होंगी। वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने दलील दी थी कि गौरीघाट में रोज सैकड़ों लोग तेल के दीये नर्मदा में विसर्जित करते हैं, जिससे पानी दूषित होता है। शहर में 174 मेगालीटर प्रतिदिन वेस्ट वाटर नालों में जाता है, जिसमें से नगर निगम द्वारा 13 सीवेज प्लांट्स के जरिए केवल 58 मेगालीटर प्रतिदिन पानी का ट्रीटमेंट किया जाता है। यह पानी नर्मदा तथा हिरन नदी में मिलाया जाता है। डेमोक्रेटिक लायर्स फोरम के सचिव रविंद्र गुप्ता ने दलील दी थी कि शीघ्र ही सही साफ और साफ और बिना संक्रमित पानी पीने लायक घरों में सप्लाई करने हेतु नगर निगम सक्षम नहीं है, इसलिए संपूर्ण मामले की पर सही कार्रवाई हेतु एक मानिटरिंग कमेटी बनाई जानी चाहिए। हाई कोर्ट के रिटायर्ड की चेयरमैनशिप में जबलपुर मेयर, जबलपुर कमिश्नर, जबलपुर कलेक्टर, एचपी डिपार्टमेंट के हेड, किसी सीनियर सिटीजन, सोशल वर्कर और किसी सीनियर एडवोकेट को इसमें शामिल करना चाहिए।



### हाईकोर्ट का निर्देश

## *जबलपुर के नए मास्टर प्लान ड्राफ्ट प्रकाशन पर सरकार दो माह में निर्णय ले*

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने शहर के नए मास्टर प्लान के ड्राफ्ट प्रकाशन पर सरकार को निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस संदीप एन भट्ट की एकलपीठ ने इसके लिए 2 माह की मोहलत दी है। क्रेडाई बिल्डर एसोसिएशन जबलपुर के दीपक अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 2008 से प्रभावशील जबलपुर का मास्टर प्लान वर्ष 2021 में समाप्त हो चुका है। पांच साल से अधिक का समय गुजर जाने के बावजूद भी अभी तक नया मास्टर प्लान का प्रकाशन नहीं किया गया है। जबलपुर की नगर निगम सीमा में वर्ष 2014 में 125 ग्राम को जोड़ा गया है। उनके लिए भी कोई मास्टर प्लान नहीं बनाया गया है। जिसके कारण शहर का विकास प्रभावित हो रहा है। मास्टर प्लान के अभाव में बिल्डरों के प्रोजेक्ट स्वीकृत नहीं हो रहे है। इसके अलावा अवैध निर्माण से सरकार को भी लाखों की आर्थिक क्षति हो रही है। कोर्ट को बताया गया कि नगर तथा ग्राम निवेश डायरेक्टर द्वारा मास्टर प्लान ड्राफ्ट 31 जनवरी 2026 को अधिनियम की धारा 18 के तहत पब्लिकेशन के लिए भेजा गया था। तीन माह से अधिक का समय गुजर जाने के बावजूद भी उसका प्रकाशन नही किया गया हे। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था। कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। सरकार की ओर से बताया गया कि मामला विचाराधीन है।

- पॉश इलाकों से लेकर औद्योगिक क्षेत्रों तक सख्ती,
- बकायादारों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई
- 21 लाख से ज्यादा वसूली

# बिजली चोरों पर 'मेगा एक्शन', 100 से अधिक ठिकानों पर छापे

हरिभूमि, जबलपुर।

शनिवार का दिन शहर के विद्युत विभाग के इतिहास में एक बड़ी और सख्त कार्रवाई के रूप में दर्ज हो गया। विभाग ने एक साथ पूरे शहर में अभियान चलाते हुए बिजली चोरी करने वालों और लंबे समय से बिल न चुकाने वाले उपभोक्ताओं पर शिकंजा कस दिया। इस व्यापक कार्रवाई से शहरभर में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

### पॉश इलाकों तक पहुंचा विभाग का डंडा

कार्रवाई की खास बात यह रही कि यह केवल सामान्य इलाकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि नेपियर टाउन, गोरखपुर, रसल चौक, शास्त्री ब्रिज, बिलहरी, तिलहरी, ओमती, रांझी, अधारताल सहित कई पॉश और व्यावसायिक क्षेत्रों में भी सख्ती दिखाई गई। बकाया बिल न चुकाने वाले 10 परिसरों पर तालाबंदी की गई, वहीं कुछ जगहों पर डीआरए कार्रवाई के तहत सामान जब्त किया गया।



### टेड़ी नीम में बिजली चोरी का बड़ा खुलासा

संवेदनशील टेड़ी नीम क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक कारखाने अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए। विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज किए। कुछ इकाइयों में तालाबंदी के साथ संपत्ति सीज कर तहसीलदार के अधिकारों के तहत सीलिंग की कार्रवाई भी की गई।

### स्पॉट पर वसूली, अस्पताल ने जमा किए 3 लाख

रद्दी चौकी क्षेत्र में स्थित विधान हॉस्पिटल के संचालक डॉ. मोहसिन अंसारी ने मौके पर ही करीब 3 लाख रुपये का बकाया जमा कर बिजली कटने से बचाव किया।

### जब्ती और रिकॉर्ड वसूली

करीब 100 से अधिक स्थानों पर हुई कार्रवाई में मोटरसाइकिल, फ्रिज, कूलर, वेल्डिंग मशीन, ड्रिल मशीन, टीवी समेत कई उपकरण जब्त किए गए। वहीं 205 प्रकरणों में 21 लाख रुपये से अधिक की राशि जमा करवाई गई।

### पुराने बकायों पर भी शिकंजा

विभाग के अनुसार कुछ मामलों में 10 वर्षों से लंबित बकाया भी सामने आया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी से जुड़े मामलों में विस्तृत बिलिंग और दंडात्मक राशि की जानकारी कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी की जाएगी।

## गर्मी और धूप के प्रकोप देखकर स्कूलों का टाईम बदलने की मांग

**जबलपुर।** जिले में भीषण गर्मी के बावजूद स्कूलों के समय में बदलाव नहीं होने से बच्चों की सेहत पर खतरा मंडरा रहा है। प्रदेश सहित जबलपुर में भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने छात्र नेता अनुराग शुक्ला व शफी खान के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को ज्ञापन सौंपकर स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग की। छात्रनेता अनुराग शुक्ला व शफी खान ने कहा कि वर्तमान में तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा रहा है। दोपहर के समय तेज धूप में स्कूल से घर लौटते समय छोटे बच्चों को लू लगने, चक्कर आने एवं डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को तत्काल समय परिवर्तन का आदेश जारी करना चाहिए। एनएसयूआई ने मांग की है कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के संचालन का समय प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किया जाए, जिससे बच्चों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

**मोदीबाड़ा - सदर में कैंट बोर्ड की बड़ी कार्रवाई**

# क्लास-सी लैंड से वर्षों पुराने अतिक्रमण हटे

**जबलपुर।** शहर में अवैध कब्जों के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए जबलपुर केन्टोनमेंट बोर्ड के राजस्व विभाग ने क्लास 'सी' भूमि पर वर्षों से जमे अतिक्रमणों को धराशायी कर दिया। कार्रवाई इतनी तेज और सख्त रही कि मोदीबाड़ा क्षेत्र में लंबे समय से गोदाम बनाकर कब्जा जमाए बैठे अतिक्रमणकारी अभय नायडू को मात्र 4 घंटे के भीतर अपना पूरा सामान हटाना पड़ा। कैंट बोर्ड प्रशासन के अनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की शुरुआत सदर स्थित रामलीला मैदान क्षेत्र से की गई। यहां क्लास सी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को चिन्हित कर बुलडोजर चलाया गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा भीड़ एकत्र कर काम में बाधा डालने की कोशिश की गई, लेकिन बोर्ड के अधिकारी और कर्मचारी बिना किसी दबाव के डटे रहे और कुछ ही मिनटों में अवैध निर्माण जमींदोज कर दिए गए।



रामलीला मैदान के बाद अतिक्रमण दस्ता दल-बल के साथ मोदीबाड़ा पहुंचा। यहां अभय नायडू द्वारा क्लास 'सी' भूमि पर गोदाम बनाकर कब्जा किया गया था। दस्ते के पहुंचने से पहले ही अतिक्रमणकारी ने सामान हटाना शुरू कर दिया था। दस्ते के पहुंचने पर अभय नायडू ने मुख्य अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार से अपना सामान सुरक्षित निकालने की अनुमति मांगी। इस पर सीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वह स्वयं अपना सामान हटाए। निर्देश मिलते ही अतिक्रमणकारी ने 4 ट्रकों में भरकर करीब 4 घंटे के भीतर पूरा गोदाम खाली कर दिया। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग के अतिक्रमण प्रभारी आशीष वर्मा, जाहिद अंसारी, हरवेश सिंह और खेमराज मीणा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### विभाग ने लिया कब्जा

गोदाम खाली होते ही राजस्व विभाग ने तत्काल परिसर पर विभागीय कब्जा लेते हुए वहां ताला लगा दिया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान मुख्य अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार स्वयं मौके पर मौजूद रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। सीईओ राजीव कुमार ने स्पष्ट संदेश दिया कि कैंट बोर्ड की जमीन पर जहां-जहां अवैध अतिक्रमण किए गए हैं, उन्हें चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। किसी भी प्रकार का दबाव या विरोध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### अतिक्रमण चिन्हित करने बनेगी कमेटी

कैंट बोर्ड प्रशासन ने बताया कि आगे की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कमेटी कैंट क्षेत्र में क्लास सी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को चिन्हित कर रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## रांझी में शातिर बदमाश अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**जबलपुर।** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रांझी थाना पुलिस ने एक शातिर बदमाश को देशी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट और आर्म्स एक्ट समेत 17 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि बीती रात मड़ई ऑटो स्टैंड के पास पेट्रोलिंग के दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में पान के टपरे के पीछे छिपने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम 22 वर्षीय अमन केवट निवासी रक्षा नगर कॉलोनी रांझी बताया। तलाशी में उसके पास से एक देशी कट्टा और एक कारतूस बरामद हुआ। आरोपी ने हथियार पांच हजार रुपये में खरीदना स्वीकार किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक चंद्रभान सिंह सहित टीम की भूमिका सराहनीय रही।

## भीषण गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

# हीटवेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में इस मौसम में पहली बार कल जहां पारा 42 के आंकडे को छू गया था वहीं आज रात भी कम गर्म नहीं रही। इस भीषण गर्मी और हीटवेव की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने मैदानी स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन का मुख्य फोकस अप्रैल से जून के बीच चलने वाली लू के दौरान होने वाली जनहानि को रोकना और मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराना है। सीएमएचओ के निर्देशों के तहत जिले के सरकारी अस्पतालों में हीटवेव के मरीजों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिला अस्पताल में 5 बेड और सभी सिविल अस्पतालों में 3-3 बेड केवल लू प्रभावित मरीजों के लिए आरक्षित किए गए हैं। इन वार्डों में मरीजों को तापमान से राहत देने के लिए एयर कंडीशनर या कूलर के साथ ठंडे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अस्पताल आने वाले अन्य मरीजों और उनके परिजनों के लिए भी परिसर में छायादार स्थानों का प्रबंधन किया गया है। आपातकालीन स्थिति में गंभीर रोगियों को तत्काल शिफ्ट करने के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा को विशेष रूप से अलर्ट रहने को कहा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता के आदेश दिए हैं। सभी स्वास्थ्य केंद्रों और डिपो स्तर पर जरूरी दवाओं का अग्रिम स्टॉक जमा किया गया है। केंद्रों पर ओआरएस कॉर्नर सक्रिय कर दिए गए हैं ताकि निर्जलीकरण की स्थिति में लोगों को तुरंत घोल उपलब्ध कराया जा सके। किसी भी संभावित संकट या बीमारी के अचानक फैलाव को नियंत्रित करने के लिए विशेष कॉम्बैट टीम तैयार की गई है। इसके साथ ही डेटा प्रबंधन के लिए सभी केंद्रों को आईएचआईपी पोर्टल पर प्रतिदिन दैनिक जानकारी दर्ज करने और दोपहर 1 बजे तक सीएमएचओ कार्यालय को रिपोर्ट भेजने की अनिवार्यता लागू की गई है। इसके अलावा आमजन को गर्मी के प्रकोप से बचाने के लिए विभाग ने स्वास्थ्य परामर्श जारी किया है। इसमें लोगों को हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने, सिर ढंकने और खाली पेट घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। शरीर में तरल पदार्थ की कमी न हो इसके लिए पानी, छाछ और पना जैसे पेय पदार्थों का सेवन बढ़ाने को कहा गया है। यदि कोई व्यक्ति लू की चपेट में आता है तो उसे तत्काल छायादार स्थान पर ले जाकर शरीर का तापमान कम करने के लिए ठंडी पट्टियों का उपयोग करने व स्थिति में सुधार न होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी गई है ताकि समय पर चिकित्सा सहायता मिल सके।

## *उड़ीसा से गांजा लाकर पुड़िया बनाकर बेचते थे*

**जबलपुर।** तिलवारा पुलिस ने ग्राम चूल्हा गोलाई वन चौकी के पास मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 9 किलो 781 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 4 लाख 89 हजार रुपए बताई गई है। तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि गत दिवस पेट्रोलिंग दौरान ग्राम चूल्हा गोलाई वन चौकी के पास ग्राम जोधपुर पड़ाव तिलवारा निवासी 28 वर्षीय शुभम पटेल, वार्ड नंबर 2 बासौदा जिला विदिशा निवासी 28 वर्षीय शुभम शुक्ला और ग्राम घाना तिलवारा निवासी 23 वर्षीय नीरज डेहरिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से 9 किलो 781 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत लगभग 4 लाख 89 हजार रूपये बताया गया है। गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर सभी तितलागढ़ उड़ीसा निवासी खितिज साहू से खरीदकर फुटकर पुड़िया बनाकर बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने तीनों आरोपी शुभम पटैल, शुभम शुक्ला एवं नीरज डेहरिया के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### मासूम कदमों ने छुआ संवेदनाओं का संसार

# मोक्ष आश्रम में बच्चों ने सीखा सेवा का असली अर्थ





### लावारिस बुजुर्गों संग बिताए भावुक पल, किसी ने थामा हाथ तो किसी ने गले लगाकर खोजा अपना परिवार

हरिभूमि, जबलपुर।

भागती-दौड़ती दुनिया के बीच शनिवार की सुबह मोक्ष आश्रम मेडिकल में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने मानवीय संवेदनाओं को जीवंत कर दिया। गंगानगर स्थित ज्ञानोदय स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राएं यहां पहुंचे और लावारिस जीवन जी रहे बुजुर्गों के साथ समय बिताया। यह मुलाकात सिर्फ एक औपचारिक भ्रमण नहीं, बल्कि रिश्तों की कमी से जूझ रहे चेहरों पर मुस्कान लौटाने का प्रयास बन गई।

जब अपनों की कमी बच्चों ने पूरी की। आश्रम में रह रहे बुजुर्ग महिला-पुरुषों ने जैसे ही बच्चों को अपने बीच पाया, उनकी आंखें नम हो गईं। किसी ने बच्चों को गले लगाया, तो किसी ने उनका हाथ थामकर अपनेपन का एहसास किया। छोटे-छोटे बच्चों के बीच खुद को पाकर बुजुर्ग अपने परिवार को याद करते नजर आए। बच्चों ने भी पूरे मन से उनका हालचाल जाना और उनके साथ बैठकर समय बिताया।

### नन्हें हाथों में सेवा का संकल्प

बच्चे अपने घरों से बिस्किट, कपड़े, चावल और आटा जैसी जरूरत की सामग्री लेकर पहुंचे थे। मोक्ष के संस्थापक आशीष ठाकुर के साथ उन्होंने आश्रम की रसोई से लेकर दैनिक व्यवस्थाओं को करीब से देखा और जीवन की उस सच्चाई को समझा, जिसे किताबों में नहीं पढ़ाया जाता। कई बच्चों ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने ऐसा अनुभव पहले कभी नहीं किया।

### प्रेरणा का उद्देश्य, संवेदनशील पीढ़ी का निर्माण

ज्ञानोदय स्कूल के संचालक मुकेश साहू के मार्गदर्शन में कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों का यह भ्रमण आयोजित किया गया। उद्देश्य था बच्चों को समाज की वास्तविकताओं से रूबरू कराना और सेवा भाव के प्रति जागरूक बनाना। मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति के संचालक आशीष ठाकुर ने बच्चों को संस्था के कार्यों की जानकारी देते हुए जनसहयोग की अपील की। इस दौरान कई विद्यार्थियों ने भविष्य में सेवा कार्यों से जुड़ने का संकल्प भी लिया।

### अज्ञात नहीं, इंसान था, मोक्ष ने निभाई अंतिम जिम्मेदारी

इसी दिन थाना भेड़ाघाट की सूचना पर मोक्ष समिति ने 75 वर्षीय अमर केवट का ससम्मान अंतिम संस्कार किया। वे त्रिपुर सुंदरी मंदिर के पास पिछले करीब 30 वर्षों से झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। परिजनों का कोई पता न चलने पर उनका शव मोक्ष को सौंपा गया, जिसके बाद तिलवारा घाट श्मशान में पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान अधिवक्ता अमर गुप्ता, सचिन स्वामी, पार्षद राजू पटेल सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## *गाजीनगर में चाकूबाजी, 1 घायल*

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत गाजीनगर में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने तीन युवकों के साथ मारपीट कर एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हड्डी गोदाम गोहलपुर निवासी 22 वर्षीय नाहिद मंसूरी गत रात लगभग 10.30 बजे अपने साथी मोह. इस्तयार अंसारी, एजाज अंसारी, मारूफ कुरैशी के साथ अपने साथी शेख फैजान की दो बहनों की शादी में गाजीबाग मैरिज हॉल गये थे शादी सामारोह में खाना खाकर बाहर निकलकर पैदल गाजी नगर की ओर चाय पीने गये उसी समय अचानक अरमान एवं अयान मिले और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर दोनों ने चाकू से हमला करना शुरू कर दिये। अरमान ने चाकू से मारूफ कुरैशी पर हमला कर दिया वहीं अयान नाहिद मंसूरी के पीछे चाकू लेकर दौड़ा। घायल मारूफ कुरैशी को उपचार हेतु शीतल छाया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 115(2), 119(1), 351(3), 118(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**बैंकों को सुरक्षा मानक तय करने निर्देश**

# सिंगरौली बैंक लूट के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र के सिंगरौली जिले में बैंक डकैती की घटना के बाद, जबलपुर पुलिस बैंकों की सुरक्षा को लेकर अलर्ट मोड पर आ गई है। इसी सिलसिले में शनिवार को यहां पुलिस कंट्रोलरुम में बैंक प्रबंधकों की बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता ने ली। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम जितेंद्र सिंह, और पल्लवी शुक्ला भी मौजूद रही। इस बैठक में शहर के विभिन्न बैंकों के 50 अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में निर्देशित किया गया है कि सभी बैंक प्रबंधक अपने अपने बैंकों में सुरक्षा मानकों और तकनीकी निगरानी के सिस्टम को मजबूत करें। बैठक में कहा गया है कि सिंगरौली की घटना से सबक लेते हुए बैंकों को अपनी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करनी होगी। बैंक अधिकारियों को हिदायत दी गई कि वे पुलिस के साथ साथ बैंक प्रबंधन की जिम्मेदारी बनती है। लिहाजा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। सुरक्षा ढांचे को बेहतर बनाने के लिए बैंकों में अनिवार्य रूप से चैनल गेट लगवाने और कम से कम 3-4 विभिन्न स्थानों पर पैनिक अलार्म व सायरन स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

### पुलिस और बैंकों के बीच बने व्हाटसएप ग्रुप

बैठक में सीसीटीवी कैमरों की कवरेज को लेकर विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। यदि बैंक के भीतर या बाहर कोई भी ऐसा स्थान है जो कैमरों की जद में नहीं है, तो वहां तत्काल कैमरे लगाने की सलाह दी गई ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए थानों और बैंकों के बीच व्हाट्सएप ग्रुप बनाने पर भी सहमति बनी।

### दोपहर में बैंकों के आसपास गश्त तेज होगी

सिंगरौली की वारदात के बाद अपराधिक तत्वों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा बैंक परिसर के साथ-साथ आसपास के चाय ठेलों और पार्किंग क्षेत्रों की आकस्मिक जांच की जा रही है। बैठक में बैंकों में तैनात निजी सुरक्षा गार्डों को अधिक सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। बैंक प्रबंधन से कहा गया कि वे गार्डों को प्रशिक्षित करें कि वे बिना काम घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करें और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत कंट्रोल रूम को सूचित करें। बैंक अधिकारियों की मांग पर पुलिस ने आश्वस्त किया कि सुबह 11 से 1 और दोपहर 3 से 4 बजे के बीच बैंकों के आसपास पुलिस गश्त को बढ़ाया जाएगा।

### गार्डों का पुलिस वेरिफिकेशन कराए

बैठक में म्यूल अकाउंट्स के माध्यम से होने वाली मनी लॉन्ड्रिंग और धोखाधड़ी जैसे गंभीर विषयों पर भी चर्चा हुई। अवैध धन हस्तांतरण की किसी भी सूचना पर बैंक अधिकारियों को तत्काल साइबर सेल या स्थानीय थाने को सूचित करने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पेशेवर बनाने के लिए यह अनिवार्य किया गया कि एटीएम और बैंकों में तैनात गार्ड केवल अधिकृत एजेंसियों के हों और वे पूरी तरह प्रशिक्षित व शस्त्रधारी हों। इसके साथ ही निजी सुरक्षा गार्डों और रिकवरी एजेंटों का अनिवार्य रूप से पुलिस वेरिफिकेशन कराने के आदेश दिए गए हैं।



## अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने बाजारों में फायर सेफ्टी के लिए बनी सहमति

**जबलपुर।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने की दिशा में नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अपर आयुक्त अंजू सिंह ने मुकादमगंज, नरघईया, लार्डगंज, महिला मार्केट और गंजीपुरा मार्केट के व्यापारी संघों के साथ एक विशेष बैठक की। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य बाजारों को 'अग्नि सुरक्षित' बनाना और भविष्य में होने वाली किसी भी अनहोनी को रोकना है।

### सुरक्षा मानकों पर बनी सहमति

बैठक के दौरान व्यापारियों ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए शासन के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान व्यापारियों ने संकल्प लिया कि वे शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप अपने व्यावसायिक संस्थानों में पर्याप्त मात्रा में फायर एक्सटिंग्विशर और अन्य बचाव उपकरण लगाएंगे। अपर आयुक्त ने समझाइश दी कि केवल उपकरण लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि कर्मचारियों को उनके उपयोग का प्रशिक्षण भी होना चाहिए ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### व्यापारियों ने रखी अपनी मांगें

बाजारों को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए व्यापारी संघों ने प्रशासन के समक्ष कुछ महत्वपूर्ण सुझाव और मांगें भी रखीं। व्यापारियों ने मांग की है कि बिजली विभाग द्वारा लगाए गए पुराने तार, खंभे और पुराने मीटरों को तत्काल बदला जाए, क्योंकि शॉर्ट सर्किट आग लगने का एक बड़ा कारण होते हैं। इसके लिए शासन स्तर से बिजली विभाग को आदेशित करने का आग्रह किया गया है। सुगम आवागमन और आपातकालीन वाहनों के पहुंचने के लिए व्यापारियों ने मांग की कि सड़क किनारे लगने वाली अवैध दुकानों को व्यवस्थित किया जाए ताकि मार्ग बाधित न हो।अपर आयुक्त अंजू सिंह ने व्यापारियों के सुझावों को गंभीरता से लिया और भरोसा दिलाया कि शासन स्तर पर इन समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। जब शासन और व्यापारी एक ही दिशा में प्रयास करेंगे, तभी हम एक सुरक्षित व्यावसायिक परिवेश का निर्माण कर पाएंगे। जीवन की सुरक्षा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस पहल से न केवल बाजारों में सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि ग्राहकों और व्यापारियों के बीच विश्वास का माहौल भी मजबूत होगा। सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि "सुरक्षित बाजार, समृद्ध व्यापार" के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वे प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।

## तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स का वार्षिकोत्सव "उत्कर्ष-2026" सम्पन्न



**जबलपुर।** शहर की अग्रणी संस्था तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने अपना 21वाँ वार्षिकोत्सव "उत्कर्ष-2026" उल्लास से मानस भवन में मनाया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजीव चांडक प्राचार्य जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर, डॉ. आर.सी. पाण्डेय प्राचार्य शासकीय कलानिकेतन पॉलीटेक्निक कॉलेज, डॉ. अर्पित शुक्ला प्राचार्य शासकीय आई.टी.आई. जबलपुर एवं संस्था के चेयरमेन आर.एन. पहारिया ने दीप प्रज्जवलन के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संस्था के चेयरमेन ने अतिथियों का स्वागत किया एवं छात्रों को सम्बोधित करते हुए उनके कुशल एवं उज्जवल भविष्य की कामना की एवं संस्था के निरन्तर बढ़ रहे पैमानों की सराहना की। इसी श्रृंखला में मुख्य अतिथि डॉ. राजीव चांडक ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में छात्रों का आव्हान करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में बहुत उपयोगी होते हैं। इस प्रकार के खेलकूद तथा रचनात्मक कार्यक्रमों से छात्रों को हमेशा प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बी.के. साहू ने संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा संस्था की वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दूसरे चरण में रंगारंग कार्यक्रमों की जिसमें छात्रों द्वारा ग्रुप फोक डांस, फैशन शो, नाटक, मोहित कर देने वाले गीतों की सदाबहार प्रस्तुति दी गई। भाव-विभोर कर देने वाली प्रस्तुतियाँ हुई। स्किट, लाइव बैण्ड परफारमेन्स ने सबका मन मोहा। इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन आर.एन. पहारिया, सचिव शरद गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद जैन तथा प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य एवं संस्था के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आई.के. खन्ना, प्राचार्य डॉ. बी.के. साहू, उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के उप-प्राचार्य डॉ. संजय वर्मा, डॉ. शोभित वर्मा कॉर्डिनेटर एकेडेमिक, डॉ. नितिन गौर विभागाध्यक्ष एम.बी.ए., प्रो. धीरज दवे विभागाध्यक्ष मैकेनिकल, प्रो. अक्षत खासकलम विभागाध्यक्ष एचएस, प्रो. दीपा गोलानी विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रो. आशीष चौकसे विभागाध्यक्ष पॉलीटेक्निक विभाग, प्रो. अपूर्व श्रीवास्तव आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान संस्था के एवं विशिल्न इंजी. कॉलेज के प्राध्यापकगण, स्टाफ व छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सचिव शरद गुप्ता द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## हिंदी विभाग ने आयोजित किया एम.ए. हिंदी उत्तरार्द्ध के विद्यार्थियों का रंगारंग विदाई समारोह



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में हिंदी विभाग के एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों का फेयरवेल (विदाई) समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी द्वारा विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं निरंतर अध्ययन के माध्यम से अपने उज्जवल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, विभागाध्यक्ष हिंदी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुये कहा कि जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा डांस, कविता, गायन की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल एवं मिस फेयरवेल का चयन किया गया। विजेताओ को पुरस्कार प्रदान किए गये। कार्यक्रम में डॉ. तृप्ति उकास, लल्लाबाई लोधी, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, हरीश झारिया शोधार्थी द्वारा भी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना प्रेषित की गई। कार्यक्रम में डॉ. विभा निगम, डॉ. संघप्रिया तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन नीलेश चौधरी एवं संजय कश्यप द्वारा किया गया। सृष्टि गर्ग, प्रशांत जायसवाल, सौरभ अहिरवाल, वर्षा नागवंशी, अमन चौधरी, राहुल विश्वकर्मा, तृप्ति चतुर्वेदी, सुदर्शन प्रजापति, दिनेश अहिरवार, अमृता सिंह, सोनम के साथ ही बड़ी संख्या में एमए हिंदी के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मना भगवान परशुराम जन्मोत्सव, निकली भव्य शोभायात्रा





**जबलपुर।**

भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आज संस्कारधानी जबलपुर में उत्साह का माहौल रहा। इस विशेष उपलक्ष्य में 'भगवान परशुराम वंशज ब्राह्मण एकता मंच' एवं समस्त विप्र संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा शहर के हृदय स्थल मालवीय चौक से प्रारंभ होकर कोतवाली तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और विप्र समाज के लोग शामिल हुए।

शोभायात्रा में शहर की प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसमें प्रमुख रूप से विधायक इंदु तिवारी, अभिलाष पांडे, लखन घनघोरिया, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, पूर्व मंत्री शरद जैन, धीरज पटेरिया, और पार्षद दल के साथ नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा सहित कई गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। सभी अतिथियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

आयोजकों ने बताया कि यह गौरवशाली परंपरा पिछले 35 वर्षों से अनवरत चली आ रही है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विप्र समाज ने एकजुट होकर अपनी सांस्कृतिक विरासत और आराध्य देव के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे पूरा शहर परशुराम जी के जयकारों से गूंज उठा।

## भगवान परशुराम जयंती: पड़वार में सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक सम्पन्न



**बरेला।** विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जयंती पर विशाल वाहन रैली महाआरती भंडारा प्रश्नोत्तरी का आयोजन बरेला में किया जा रहा है जिसकी तैयारियां चल रही है और गांव गांव जाकर बैठक कर आमंत्रण दिया जा रहा है। 20 अप्रैल को प्रातः 8 बजे भैरव बाबा मंदिर में सभी एकत्रित होकर भगवान परशुराम जी की झांकी, ढोल ,डीजे, आतिशबाजी के साथ अपने अपने वाहनों में नगर भ्रमण करते हुए शारदा देवी मंदिर रिछाई होते हुए परशुराम धाम वार्ड नंबर 11 में पहुंचेंगे जहां महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा और छोले भटूरे का भंडारा होगा। शाम 6बजे से परशुराम धाम में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पड़वार बैठक में सर्व ब्राह्मण समाज बरेला परिक्षैत्र के अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, कृष्ण कुमार द्विवेदी, बसंत तिवारी, निरंजन द्विवेदी, रामविशाल चौबे, नगर अध्यक्ष बरेला योगेश दुबे, सरपंच आशीष शुक्ला, सुनील पाठक,लक्ष्मण तिवारी, देवी प्रसाद चौबे,सूरज बहादुर द्विवेदी, रामाधार उपाध्याय, रमेश परोहा, संजय दुबे,अमित शुक्ला सुशील उपाध्याय,रेवा प्रसाद चौबे,मानस दुबे, मोहित गर्ग , संतोष चौबे,अजय द्विवेदी, संजय तिवारी, सतीश चौबे, अनुराग तिवारी,,गुड्डा द्विवेदी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों के समय में परिवर्तन

**जबलपुर।**

जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर संभावित प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर जबलपुर द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय (सभी परीक्षा बोर्ड से संबद्ध) विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों हेतु विद्यालय संचालन का समय प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समयानुसार विद्यालय में उपस्थित रहकर नामांकन, आधार अपडेशन, अपार आईडी सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त जिले में संचालित सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन भी बच्चों के लिए प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लिया गया है। अभिभावकों एवं संबंधित संस्थाओं से अनुरोध है कि वे संशोधित समय का पालन सुनिश्चित करें।

## मौत का कुआं बना जानलेवा, वन विभाग प्रशासन सो रहा

### पहले वन चौकी थी यहां

**भेड़ाघाट।** भेड़ाघाट परिक्षेत्र में 1980-1985 के लगभग चित्रह हऊदेवी का चबूतरा पहले से बना हुआ था उसे समय वन विभाग द्वारा नर्सरी का निर्माण किया गया था पानी की समस्या को देखते हुए कुआं का निर्माण किया गया था कुआं को चारों साइड से नहीं बांधा गया है कभी भी मूक पशु के साथ ही कोई भी व्यक्ति कुआं में समा सकता है सड़क से मात्र 50 60 फुट की दूरी पर मौत का कुआं बना हुआ है वन विभाग द्वारा कुआं को संरक्षण हेतु कोई कदम नहीं उठाए गए हैं जिस कुएं के अंदर



काला पानी और कितने जीव जंतुओं समा चुके हैं यह कहा नहीं जा सकता हैं वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कभी इस तरफ मुड़कर भी नहीं देखा कि किसी की जान भी जा सकती है विभाग की लापरवाही का खामियाजा मूकपशु ओं के साथ ही किसी व्यक्ति की जान भी जा सकती है जानकारों का कहना है कि आए दिन वृक्ष काटे जाते हैं और भूमि माफियाओं द्वारा वन भूमि पर अतिक्रमण किया जाता है उसके बाद भी अधिकारियों का ध्यान नहीं जाता है वृक्षारोपण कार्यक्रम भी भेड़ाघाट वन परिक्षेत्र में नहीं दिखाई दे रहा है आखिरकार भेड़ाघाट क्षेत्र में बाबडी कुआं को संरक्षण करने में सक्षम अधिकारी आगे क्यों नहीं आ रहे हैं

### इनका कहना

30 35 साल पहले वन विभाग की नर्सरी थी जो कुआं था उसका संरक्षण कराया जाएगा जिसमें कोई अनहोनी घटनाएं ना हो सके।
ब्रह्म दत परोहा बीट प्रभारी वन क्षेत्र भेड़ाघाट

## गौ सैनिकों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**मझौली।**

गौ सम्मान आह्वान अभियान मझौली तहसील के समस्त गौ सैनीकौ के द्वारा नगर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है एवं 27 अप्रैल 2026 अप्रैल दिन सोमवार मझौली तहसील कार्यालय में जाकर सरकार से इन विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। 1. गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मानित पद प्रदान हो संपूर्ण देश में गौवंश को उचित सम्मान मिलें। 2. भारत में गौ हत्या पर पूर्णतः प्रतिबंध लगे जिससे देश की गौवंश पूर्णतः सुरक्षित रह सके। 3. गौ सेवा केन्द्रीय कानून लागू हो तथा केन्द्रीय गौ सेवा मंत्रालय का संगठन बनें। सभी गौ सैनिक, एवं धर्म रक्षक, इन्द्राना रोड बस स्टैंड में एकत्रित होकर पैदल चलकर मझौली तहसीली कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।



## विद्यालय भिटोनी में किया गया सम्मानित

# किसान की बेटी रश्मि ने रचा इतिहास

**सिहोरा।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल दसवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में रश्मि पिता वीरन गडारी ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश की मैरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता पर अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ ने प्राथमिक शाला भिटोनी में सम्मान समारोह का आयोजन किया।ज्ञात हो रश्मि ने इसी स्कुल से पांचवीं तक की प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण की थी। संघ ने ट्राफी भेंटकर तथा विद्यालय परिवार ने मेडल पहनाकर सम्मान किया। बेटी की इस



सफलता से ग्राम में जश्न का माहौल है और हर तरफ सफलता की चर्चा हो रही। रश्मि ने कहा कड़ी मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है और जब प्रयास ईमानदारी से किए जायें तो ईश्वर भी मदद करते हैं।इस अवसर पर अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यशपाल सिंह,जगदेव प्रसाद पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक संस्था जबलपुर,नलिन पटेल,मोहनलाल पटेल,इंद्र कुमार पटेल ब्लॉक अध्यक्ष मझौली, सुनील पटेल ब्लॉक ब्लॉक अध्यक्ष सिहोरा,डॉक्टर गोविंद पटेल, विद्यालय से शिक्षक अंजुम परवीन, सुनील कुमार तिवारी, निधि लक्ष्मी तिवारी, माध्यमिक शाला गौरहा से के एल राय, प्रदीप झरिया, कोमल प्रसाद सहित संघ के अनेक पदाधिकारी एंव ग्रामवासी उपस्थित थे।

## परशुराम प्रगटोत्सव पर वाहन रैली आज

### संयुक्त ब्राह्मण समाज आयोजक

**सिहोरा।** भगवान विष्णु के छठे अवतार ब्राह्मण समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव संयुक्त ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया है। जो नृसिंह मंदिर खितौला से सुबह 8.30 पर प्रारम्भ होकर रेलवे फाटक, खितौला बाजार,पेट्रोल पंप तिराहा से होकर बाबाताल,हरदौल मंदिर,मैना कुआं,सरावगी मोहल्ला, काल भैरव चौक,झंडा बाजार,आजाद चौक,गौरी तिराहा,पुराना बस स्टेंड से होकर शिव मंदिर बाबाताल में समापन होगा। जहां पूजन अर्चन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।संयुक्त ब्राह्मण समाज ने सभी विप्रजनों से वाहन रैली में उपस्थिति की अपील की है।



### केशव पुण्य सेवा न्यास के भवन का भूमिपूजन

## स्वयं से पहले राष्ट्र भावना को मन में लायें : डॉ. प्रदीप दुबे

**सिहोरा।**

स्वयं से पहले राष्ट्र भावना को मन में लायें उक्ताशय के विचार डॉ प्रदीप दुबे प्रांत संघ चालक ने केशव पुण्य स्मृति सेवा न्यास के बनने वाले नवीन भवन के भूमिपूजन के अवसर पर व्यक्त किए। पूजन अर्चन के बाद हुए भूमिपूजन समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा संघ का कार्य दशकों से जारी है और जब हम शताब्दी वर्ष मना है तो इसका दायरा ग्रामीण क्षेत्रों तक बढ़ गया है। जब प्रतिकुल स्थिति हो तो पैर जमा कर खड़े रहे और अनकुल हो तो छलांग लगाकर आगे बढ़े संघ हिन्दू समाज को शक्ति प्रदान करने का कार्य करता है आगे कहा सनातन धर्म हजारों साल पुराना है और हर जगह फैला है अगर




हम देखें तो वैटिकन सिटी से चार गुना बड़ा विष्णु भगवान का मंदिर कंबोडिया बना है जो 15 सौ वर्ष पहले बना था इसी तरह इंडोनेशिया की करेंशी में गणेश जी का चित्र है और वहां की वायू सेवा का नाम गरुण है । उक्त भवन तीन मंजिल का बनेगा जिसमें आर एस एस की विभिन्न योजनाओं का संचालन होगा। इस अवसर पर ,आनंद अग्रहरि विभाग प्रचारक, भूपेंद्र जी,जिला कार्यवाह जयराज सिंह श्रीमती हेमलता,आनंद जी,केशव पुण्य स्मृति सेवा न्यास अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह,सचिव कढोरी लाल साहू,आतीश जी,राकेश मालवीय,अनुपम सराफ,सह कार्यवाह विवेकानंद जी,बालमुकुंद पटेल,बिनोद खत्री,विकास दुबे,दीपक तिवारी,सुनील साहू अनुज, दीपक मल्लाह,सुनील चक्रवर्ती,किशन साहू,भोला दुबे आदि मुख्य रुप से उपस्थित थे। संचालन कर रहे बिनोद खत्री ने सेवा न्यास द्वारा कराये जा रहे समाज सेवा के कार्यों के संबंध में बताते हुए कहा कि अभी तक पांच हजार मरीजों का निःशुल्क इलाज हो चुका है तथा दो सौ मरीजों का मोतियाबिंद का सफल आपरेशन हुआ है।

## अंबेडकर जयंती पर किया श्रमदान

**जबलपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी संघ द्वारा जोन क्रमांक 2, स्वामी विवेकानंद वार्ड में शिव मंदिर से राम मंदिर तक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान अजाक्स संघ के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। श्रमदान के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को आयुक्त एवं नागरिकों द्वारा सम्मान-पत्र एवं प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**डॉ अशोक बराट -** नेपियर टाउन निवासी शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अशोक बराट का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा उनके निज निवास से आज रविवार को प्रातः 10.30 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।



**श्री कृष्ण कुमार श्रीवास-** स्टेट बैंक कॉलोनी गढ़ा निवासी श्री कृष्ण कुमार श्रीवास (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया देवी-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री गुरमुखदास सिंधी की धर्मपत्नी श्रीमती माया देवी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लखन लाल कतिया-** अर्जुन देव कॉलोनी नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री लखन लाल कातिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्री दौलत राम कुशवाहा-** सेठ गोविंददास वार्ड छोटी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री दौलत राम कुशवाहा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुभाष कुमार शर्मा-** सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री सुभाष कुमार शर्मा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री खिलाड़ी प्रजापति-** गोपाल होटल साईं मंदिर के पास लालमाटी निवासी श्री खिलाड़ी प्रजापति (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. अमनप्रीत कौर-** अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री सरजीत सिंह मान की पुत्री कु. अमनप्रीत कौर (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम प्रसाद-** रामपुर निवासी श्री राम प्रसाद (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**CHANGE OF DOB & NAME**

I, Army No. 15814041H, Rank: HAV, Trade SKT (ENGR), Name: NARENDER KUMAR, Residing at: Vill SASROLI, Po.-SASROLI, TEH.- MATANHAIL, Dist.-JHAJJAR, State- HARYANA, PINCODE-124106. do hereby solemnly affirm and state on oath as follows: That my mother name is MANNA and her Date of Birth is 02/01/1954. That Name & Date of Birth of mother is erroneously endorsed in my service record as MANAWATI & 10/02/1958. That the my mother Name & Date of Birth in respect of required to be correct in my service record as MANNA and her Date of Birth is 02/01/1954.That I am swearing this affidavit for correction of Name & Date of Birth of my mother in my service records as MANNA & 02/01/1954 for all purpose and transactions and for all official and non official purpose. That I am enclosing attested copy of Aadhar Card No. 7529 9771 8886 & PAN Card No. KKNPM9036H in respect of my mother MANNA as proof of correct Name & Date of Birth. I further, declare that the averments made in the affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief. Nothing has been cealed of kept back there from.

**CHANGE OF DOB & NAME**

I, Army No. 15814041H, Rank: HAV, Trade SKT (ENGR), Name: NARENDER KUMAR, Residing at: Vill SASROLI, Po.-SASROLI, TEH.- MATANHAIL, Dist.-JHAJJAR, State- HARYANA, PINCODE-124106. do hereby solemnly affirm and state on oath as follows: That my father name is MAHAVIR and his Date of Birth is 01/01/1952 That Name & Date of Birth of father is erroneously endorsed in my service record as MAHABIR SINGH & 01/11/1954. That the my father Name & Date of Birth in respect of required to be correct in my service record as MAHAVIR and his Date of Birth is 01/01/1952. That I am swearing this affidavit for correction of Name & Date of Birth of my father in my service records as MAHAVIR & 01/01/1952 for all purpose and transactions and for all official and non official purpose. That I am enclosing attested copy of Aadhar Card No. 2855 5441 0159 & PAN Card No. DCHPM2527N in respect of my father MAHAVIR as proof of correct Name & Date of Birth. I further, declare that the averments made in the affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief. Nothing has been cealed of kept back there from.

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**राजस्व मामले में नोटिस**
**(व्यक्तिगत सूचना)**

रा.प्र.क्रं./202603100700032/अ-06 (अ)/
वर्ष 2025-2026
पेशी दिनांकः- 27/04/2026

प्रति,
शिशिरचंद्र जैन आ. स्व. श्री त्रिलोकचंद्र जैन, निवासी-सी-26, शुभकामना काम्पलेक्स, रानीताल, जबलपुर जिला जबलपुर (म.प्र.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दाउलाल साहू पिता सुंदर लाल साहू निवासी-हनोदा रोड, शीतला नगर बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी, प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 340/25 रकबा 0.010 हे./1100 वर्गफीट भूमि को विक्रेता शिशिरचंद्र जैन पिता त्रिलोकचंद्र जैन निवासी-सी-8 आदर्श नगर दुर्ग के माध्यम से रजिस्ट्री बैनामा दिनांक 30/07/2018 को क्रय किया गया है। उक्त भूमि को नामांतरण कराकर ऋणपुस्तिका भी जारी किया जा चुका है किन्तु वर्तमान आनलाईन राजस्व अभिलेख में पूर्व विक्रेता शिशिरचंद्र जैन पिता त्रिलोकचंद्र जैन के नाम पर प्रदर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्ट्री बैनामा एवं ऋणपुस्तिका में दर्ज के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज "शिशिर चंद्र जैन पिता त्रिलोकचंद्र जैन" को सुधार "दाउलाल साहू पिता सुंदर लाल साहू निवासी-हनोदा रोड, शीतला नगर बोरसी दुर्ग" का नाम दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

इस न्यायालय द्वारा आपको न्यायालय में उपस्थित होने हेतु नोटिस प्रेषित किया गया था, किंतु आपका पता स्पष्ट न होने के कारण आपको प्रेषित नोटिस अदम तामिली प्राप्त हुआ, आवेदक पक्ष द्वारा आपका स्पष्ट पता ज्ञात न होना बताया गया।

अतः इस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता हैं कि आगामी पेशी दिनांक 27/04/2026 को दोपहर 02.00 बजे दिन को न्यायालय में स्वयं अपना पक्ष रखे जाने हेतु उपस्थित होवें। उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में यथाविधि एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से सूचना से जारी की गई।
जारी दिनांक -16/04/2026
सुनवाई दिनांक- 27/04/2026
मुहर
तहसीलदार
दुर्ग



# जावेद की टीवी पर होगी वापसी इस डांस रियलिटी शो में बनेंगे जज

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता जावेद जाफरी एक बार फिर टीवी की दुनिया में लौट रहे हैं। सोनी टीवी ने अपने चर्चित डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' का प्रोमो जारी किया है, जिसमें अभिनेता को जज की कुर्सी संभालते देखा जाएगा। शो की थीम इंडिया वाला डांस होगी, जिसके जरिए प्रतियोगी देशभर की विविध नृत्य शैलियों को पेश करेंगे। जाहिर है कि जावेद 1996 में आए लोकप्रिय डांस शो 'बूगी वूगी' में जज रह चुके हैं। 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' के प्रोमो में जावेद कहते हैं, कभी सोचा है कि स्टेज 30 बाय 30 के स्टेज पर, क्या 140 करोड़ लोग नाच सकते हैं? बिल्कुल नाच सकते हैं। इंडियाज बेस्ट डांसर के स्टेज पर होगा 'इंडिया वाला डांस'। ऐसे में सारा इंडिया नाचेगा।



## लाइफ Style

# रश्मिका

## नई फिल्म 'मायसा' से उड़ाएंगी होश

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है।

रश्मिका मंदाना अपनी नई फिल्म 'मायसा' में एकदम अलग अंदाज़ में नज़र आने वाली हैं। रॉविंद्र पुल्ले के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक रहस्यमयी एक्शन थ्रिलर है, जिसकी कहानी जनजातीय क्षेत्रों पर आधारित है। रश्मिका के जन्मदिन पर, टीम ने फिल्म का एक बेहद दमदार पोस्टर जारी किया। इसी के साथ, निर्देशक रॉविंद्र पुल्ले ने सोशल मीडिया पर रश्मिका की मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग के बारे में एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने रश्मिका को 'द वेपन' बताया और इसे 'निशानों में लिखी हुई जंग' कहा। फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है, जिसके लिए रश्मिका अपने दमदार किरदार में जान फूंकने के लिए मार्शल आर्ट्स की कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस इंटरनेशनल स्टंट एक्सपर्ट एंडी लॉन्ग डिजाइन कर रहे हैं। वहीं, श्रेयस पी कृष्ण विजुअल्स संभाल रहे हैं और संगीत जेक्स बेजॉय ने दिया है। 'मायसा' के अलावा, रश्मिका जल्द ही शाहिद कपूर और कृति सैनन के साथ 'कॉकटेल 2' में, और विजय देवरकोंडा के साथ 'रानाबाली' में भी नज़र आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# मिर्याम बनकर पर्दे पर मचाएंगी तहलका

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स (सिनर्स) से मशहूर अभिनेत्री ली जुन ली सुपरहिट वेब सीरीज 'द लास्ट ऑफ अस' के तीसरे सीजन में मिर्याम का किरदार निभाएंगी, जो लेव और यारा की मां हैं। इस गर्मियों में शूटिंग शुरू होने वाली है। क्रेग मजिन, जो अब अकेले शो-रनर हैं, तबाही के बाद की इस हिट ड्रामा सीरीज की अगली कहानी को आगे बढ़ाएंगे। सीजन 3 में कास्ट और भी बड़ी हो गई है। इसमें एरियला बैरेर, तती गैब्रिएल और स्पेंसर लॉर्ड जैसे नाम लौट रहे हैं। इनके साथ ही, बेला रैमसे जैसे पुराने सितारे भी अपनी भूमिकाएँ निभाते दिखेंगे। इन नए जुड़ावों से फैंस को लेव और यारा की जिंदगी से जुड़ी और कहानियाँ देखने को मिलेंगी।



# 'टॉप गन 3' के साथ वापसी करेंगे टॉम क्रूज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं, जिसमें उन्हें एक बुजुर्ग व्यक्ति के किरदार में देखा जाएगा। हालांकि, दर्शकों को लुभाने का उनका सिलसिला अभी खत्म नहीं होगा, क्योंकि अभिनेता 'टॉप गन' फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त के साथ फिर लौटेंगे। पैरामाउंट ने निर्माता जेरी ब्रूकहाइमर के साथ मिलकर इस फ्रैंचाइजी की वापसी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म पर काम शुरू कर दिया गया है। अमेरिका के सिनेमाकॉन समारोह में, पैरामाउंट फिल्म के सह-प्रमुख जोश ग्रीनस्टीन ने 'टॉप गन 3' को लेकर बात की। उन्होंने कहा, फिल्म आधिकारिक तौर पर विकास के चरण में है, और इसकी पटकथा पर काम तेजी से चल रहा है।



# क्या हाथ लगेगी विक्की की महावतार...

**मुंबई।** 'छावा' की अपार सफलता के बाद, विक्की कौशल पौराणिक फिल्म 'महावतार' को लेकर चर्चा में हैं। अमर कौशिक की इस फिल्म में उन्हें भगवान विष्णु के छठे अवतार 'चिरंजीवी परशुराम' के किरदार में देखा जाएगा। पहले खबर थी कि निर्माता फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के लिए दीपिका पादुकोण से बात कर रहे हैं। फिर श्रद्धा कपूर का नाम चर्चा में आया। अब इस भूमिका के लिए मिस यूनिवर्स 2021 रहीं हरनाज संधू का नाम सामने आ रहा है। परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने बताया, फिल्म निर्माता 'महावतार' में विक्की कौशल के साथ एक नए चेहरे को कास्ट करके एक नई जोड़ी बनाना चाहते थे, और वे इस भूमिका के लिए हरनाज़ संधू से बातचीत कर रहे हैं। यह नई जोड़ी पंजाब के 2 मूल अभिनेताओं को एक साथ लाएगी।



# वरुण और कृति का धमाकेदार डांस...

**मुंबई।** कृति सैनन और वरुण धवन अपनी आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में एक बार फिर साथ दिखेंगे। फिल्म के आखिर में एक धमाकेदार डांस सीक्वेंस होगा, जिसमें ये दोनों नज़र आएंगे। डेविड धवन के निर्देशन में 16 अप्रैल को शूट किया गया यह ज़बरदस्त सीन फिल्म को एक मज़ेदार और यादगार विदाई देगा। यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य किरदारों में हैं। वहीं, कृति सैनन इस पोस्ट-क्रेडिट सीक्वेंस में एक कैमियो करती दिखेंगी। यह स्पेशल डांस नंबर फिल्म के युवा अंदाज़ को दर्शाता है और इसमें सैनन-धवन की शानदार केमिस्ट्री भी देखने को मिलेगी। इसके अलावा, वरुण और मृणाल पर फिल्माया गया गाना 'विवाह करवाडो जी' भी ऑनलाइन काफी पॉपुलर हो रहा है।

## टीवी मसाला




# खतरों के खिलाड़ी-15 में शहनाज तान्या व गौरव समेत कई सेलिब्रिटी लेंगे रिस्क

एजेंसी ⏭ मुंबई

**मुंबई।** रियलिटी टीवी शो खतरों के खिलाड़ी के 14 सीजन लाइव हो चुके हैं। वहीं फैंस अब इसके 15वें सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसको लेकर काफी समय से चर्चा भी हो रही है। हालांकि अब खतरों के खिलाड़ी 15 जल्दी ही रिलीज होने वाला है। इसके लिए पहले मेकर्स ने प्रोमो भी जारी किया था। हालांकि ये प्रोमो एआई पर आधारित था। इस प्रोमो में कंटेस्टेंट्स का चेहरा नहीं दिखाया गया था। वहीं अब खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 के कंटेस्टेंट्स की जानकारी सामने आई है।

### नजर आएंगे दिग्गज एक्टर्स

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो इस बार दर्शकों को अपने कुछ बेहतरीन और पसंदीदा एक्टर्स देखने को मिल सकते हैं। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में बिग बॉस 13 में अपनी बातों, अदाओं और टैलेंट से दिलों पर राज करने वाली शहनाज गिल नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही बिग बॉस 17 फेम समर्थ जुरेल और बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना और बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल भी इस सीजन में नजर आने वाली हैं। इतना ही नहीं खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में मशहूर कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान के पति शिरीष कुंदर भी नजर आ सकते हैं।

### कब शुरू होगा खतरों के खिलाड़ी 15?

सोशल मीडिया पर जानकारी मिली है कि खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की शूटिंग मई में शुरू होने वाली है। वहीं शो जून या जुलाई में आने की उम्मीद है। हालांकि मेकर्स ने अब तक इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। वहीं अब धीरे-धीरे मेकर्स सभी कंटेस्टेंट्स के फेस रिवील कर सकते हैं।

# उधार की कलम से सिगरेट के फॉयल पर लिखा गाना हो गया अमर

**मुंबई।** सुरों की कोकिला कही जाने वाली लता मंगेशकर ने एक ऐसा गाना गाया, जो अमर बन गया। आज भी जब ये गाना बजता है तो लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं लेकिन इसे लिखे जाने के पीछे की कहानी कुछ ऐसी है कि आप जानकर चौंक जाएंगे। चलिए जानते हैं कि इस गीत को कैसे लिखा गया।

### कौन सा है गाना?

हम जिस गाने की बात कर रहे हैं। उसके बोल हैं 'ऐ मेरे वतन के लोगों'। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने और इसके बोल लिखे थे कवि प्रदीप ने। इसके अलावा इसे सी.रामचंद्र द्वारा संगीतबद्ध किया गया था। इस गाने को पहली बार 27 जनवरी 1963 को दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में लता मंगेशकर द्वारा पहली बार लाइव गाया गया था। यह गीत 1962 के भारत-चीन युद्ध के शहीदों को समर्पित था।



### कैसे लिखा गया गाना?

यह गाना कवि प्रदीप द्वारा लिखा गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि साल 1962 के दौरान भारत चीन से युद्ध हार गया था। सभी देशवासियों और सैनिकों का मनोबल कम हो रहा था। उसी वक्त गीतकार-कवि प्रदीप मुंबई में शाम को समुद्र किनारे टहल रहे थे। तभी उनके दिमाग में एक गाना आया, जिसे लिखने के लिए उनके पास कलम नहीं था और कागज भी नहीं था। तभी उन्होंने एक आदमी से उधार की कलम ली और अपने जेब से सिगरेट का डिब्बा निकाला। फिर उसके फॉयल पर गाना लिख दिया। वह गाना कोई और नहीं, बल्कि 'ऐ मेरे वतन के लोगों' रहा।

# बॉक्स ऑफिस पर होगा सीक्वल और फ्रैंचाइजी का बोलबाला, धाक जमाने आएंगी ये फिल्में...

***मुंबई।*** *साल 2026 फिल्म फ्रैंचाइजी और लंबे समय से प्रतीक्षित सीक्वल के लिए सौगात बनकर आया है। आने वाले महीनों में कई फिल्में रिलीज होने के लिए तैयार हैं जो न सिर्फ अपनी पहली किस्त को आगे बढ़ाएंगी, बल्कि कुछ नए किरदारों का दर्शकों से सामना भी कराएंगी। इस सूची में अजय देवगन से लेकर शाहिद कपूर तक की बहुप्रतीक्षित सीक्वल फिल्में शामिल हैं। चलिए इन फिल्मों और इनकी रिलीज तारीख के बारे में जानते हैं।*

**'दृश्यम 3':** अजय अपनी 2 अक्टूबर की परंपरा को कायम रखते हुए 'दृश्यम' फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी के साथ लौटेंगे। इसका पहला भाग 2015 में और दूसरा भाग 2022 में रिलीज किया गया था। अक्टूबर, 2026 में विजय सलगांवकर (अजय) अपने परिवार को पुलिस की नजरों से बचाने के लिए आ रहे हैं। उनके साथ तब्बू, श्रिया सरन और इशिता दत्त जैसे सितारे अपने किरदारों में वापसी करेंगे। इस भाग को परिवार के अस्तित्व की कहानी का अंत माना जा रहा है।



**'कॉकटेल 2' और 'खोसला का घोसला 2':** शाहिद, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन अभिनीत 'कॉकटेल 2' 19 जून, 2026 को रिलीज होने वाली है, जिसका निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है। यह 2012 में रिलीज 'कॉकटेल' की दूसरी कड़ी है, जिसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी जैसे सितारे थे। 'खोसला का घोसला' की टोली भी दूसरी कड़ी लेकर लौट रही है। फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी के साथ पुराने सभी चेहरे फिर से दिखेंगे। यह फिल्म 28 अगस्त, 2026 को रिलीज होगी।

**'आवारापन 2' और 'धमाल 4':** इमरान हाशमी अपनी सुपरहिट फिल्म 'आवारापन' के सीक्वल को लेकर खूब चर्चा बटोर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म होने की कगार पर है। इसमें अभिनेता के साथ दिशा पाटनी नजर आएंगी। नितिन कक्कड़ द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगस्त, 2026 में सिनेमाघरों में आ सकती है। इसके अलावा, 'धमाल' फ्रैंचाइजी की टोली भी इस साल जुलाई में लौटने को तैयार है। अजय, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी समेत अन्य सितारे इस फिल्म का फिर से हिस्सा हैं।

## बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया

# 'भूत बंगला' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर गाड़े झंडे

**मुंबई। अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी ने 14 साल बाद पर्दे पर वापसी करते हुए बॉक्स ऑफिस पर शानदार वापसी की है। फिल्म 'भूत बंगला' ने अपने पहले ही दिन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया है। फिल्म की इस शुरुआत ने इस साल रिलीज हुईं कई फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। लंबे इंतजार के बाद अक्षय अपनी पसंदीदा शैली हॉरर-कॉमेडी में वापस लौटे हैं। आइए जानें उनकी इस फिल्म ने पहले दिन कितने करोड़ रुपये कमाए हैं।**

### पहले दिन फिल्म ने की इतनी कमाई

अक्षय की 'भूत बंगला' पहले दिन रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' या सनी देओल की 'बॉर्डर 2' को टक्कर नहीं दे पाई। हालांकि, इसने शाहिद कपूर की ओ'रोमियो से लेकर रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3', वीर दास की 'हैप्पी पटेल' और 'अस्सी' जैसी 2026 में रिलीज हुई अन्य फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म ने पहले दिन 15.75 करोड़ रुपये कमाए हैं।

### आसपास भी नहीं टिक पाईं ये फिल्में

अक्षय ने 'ओ'रोमियो' (9.01 करोड़) और श्रीराम राघवन की बहुचर्चित 'इक्कीस' (7.28 करोड़) जैसी फिल्मों को बड़े अंतर से पछाड़ दिया है। रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' भी भूत बंगले के सामने टिक नहीं पाई और महज 4 करोड़ पर सिमट गई। 'दो दीवाने शहर में', 'हैप्पी पटेल', 'अस्सी' और 'राहु केतु' जैसी फिल्में 1-1.25 करोड़ के बीच संघर्ष करती रहीं। अक्षय के 'भूतिया' जादू के आगे इन फिल्मों की चमक फीकी पड़ गई।



### एडवांस बुकिंग और पेड प्रीव्यू में भी 'भूत बंगला' का जलवा

'भूत बंगला' ने घरेलू एडवांस बुकिंग के जरिए ही 3.32 करोड़ का कारोबार कर लिया था, जिसने फिल्म की मजबूत ओपनिंग के संकेत दे दिए थे। फिल्म के लिए आयोजित किए गए पेड प्रीव्यू को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिससे फिल्म की झोली में 3.50 करोड़ और आ गिरे। यही कारण है कि फिल्म की पहले दिन की कुल कमाई बढ़िया नजर आ रहा है। फिल्म वीकेंड पर भी बड़े रिकॉर्ड बना सकती है।

### फिल्म में अक्षय ने जीते दिल

इस फिल्म में अक्षय के साथ वामिका गब्बी, तब्बू, परेश रावल और राजपाल यादव जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। दर्शकों के लिए भावुक पल तब आता है, जब वे पर्दे पर दिवंगत अभिनेता असरानी को देखते हैं। मिथिला पारकर और जीशु सेनगुप्ता भी अपने-अपने किरदार में जंचे हैं। हालांकि, इस फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी अक्षय कुमार की कॉमिक टाइमिंग और डबल रोल है। उनका गेटअप इतना अलग है कि दर्शक देखते रह जाते हैं।

बंगाल चुनाव में भाजपा ने शुरू किया आक्रामक प्रचार, 3 सीएम ने साधा टीएमसी पर निशाना

# दिनकर की कविता पढ़कर सीएम योगी ने टीएमसी को ललकारा, 'ममता दीदी सिंहासन खाली करो भाजपा आती है', घुसपैठियों से मुक्ति दिलाकर रहेंगे

बंगाल में विधानसभा चुनाव चरम पर पहुंच गया है। टीएमसी सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत झोंक रही है, तो भाजपा राज्य में सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ जोरदार अभियान चला रही है। भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के कई बड़े नेता और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री बंगाल में लगातार रैलियां कर रहे हैं। डॉ. मोहन यादव, हिमंत बिस्वा सरमा और योगी आदित्यनाथ ने चुनावी मैदान में उतरकर प्रचार किया।

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

## टीएमसी सरकार ने घुसपैठ कराकर डेमोग्राफी बदली

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के रण में शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एंट्री ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। कूचबिहार के माथाभांगा में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने ममता सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मां का सपना तभी साकार होगा, जब बंगाल की पवित्र धरती को घुसपैठियों से पूरी तरह मुक्ति मिलेगी। टीएमसी सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को संरक्षण दिया है, जिससे राज्य की आंतरिक सुरक्षा और डेमोग्राफी खतरे में पड़ गई है। उन्होंने दिनकर की कविता 'सिंहासन खाली कर कि बीजेपी आती है' भी पढ़ा।



### देश की बहनें विपक्ष को कभी माफ नहीं करेंगी

योगी ने कहा कि महिला आरक्षण बिल में 'आधी आबादी' को मिलने वाले अधिकारों के बारे में जो ज़रूरी बदलाव किए गए थे, जिसमें कांग्रेस, टीएमसी, सपा और लेफ्ट पार्टियों ने रुकावटें डालीं और उसे दबाने की कोशिश की, उन्होंने उसे पास नहीं होने दिया। उन्होंने आधी आबादी का अपमान किया है और उनके अधिकारों पर डकैती डालने का काम किया है। देश की बहनें इसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं कर सकतीं।

राजस्थान के सीएम भजनलाल भी उतरे

## मां काली की पूजा के बाद किया प्रचार मारवाड़ी वोट बैंक साधने लगाया जोर



राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने बंगाल में प्रचार की शुरुआत आस्था के साथ की। प्रसिद्ध कालीघाट काली मंदिर में मां काली के दर्शन किए। पूजा-अर्चना कर शांति, समृद्धि तथा भाजपा की विजय के लिए प्रार्थना की। इस दौरान माडवाडी वोट बैंक साधने पर जोर लगाया।

सीएम सरमा ने विपक्ष पर साधा निशाना

## विपक्ष ने महिलाओं का अपमान किया कांग्रेस और टीएमसी खत्म हो जाएगी



असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि ममता बेनर्जी बिना कारण एसआईआर का विरोध कर रही हैं। एसआईआर में लोगों के नाम जोड़े जाएंगे और बांग्लादेशी मुस्लमानों के नाम हटाए जाएंगे। विपक्ष ने महिलाओं का अपमान किया, इसे लेकर कांग्रेस -टीएमसी खत्म हो जाएगी।

तमिलनाडु में बिल पर बोले राहुल

## हमने 'उन्हें' हरा दिया, चुपके से परिसीमन बदलना चाहती थी सरकार



**तिरुवल्लुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तमिलनाडु के पोंनेरी में एक जनसभा में परिसीमन से जुड़े हालिया संसदीय घटनाक्रम को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने दावा किया कि यह कदम तमिलनाडु समेत दक्षिणी राज्यों के संसदीय प्रतिनिधित्व को कम करने की एक छिपी हुई रणनीति का हिस्सा है। तिरुवल्लुर में रैली में राहुल ने कहा कि संसद में लाया गया हालिया विधेयक भले ही महिला आरक्षण के नाम पर प्रस्तुत किया गया हो, लेकिन इसके पीछे वास्तविक उद्देश्य परिसीमन के जरिए दक्षिणी और छोटे राज्यों की राजनीतिक ताकत को कमजोर करना था। उन्होंने कहा कि हमने इसे संसद में हराया।

### भाजपा कर रही तमिल पहचान पर हमला

राहुल ने अआरएसएस और भाजपा पर तमिलनाडु की भाषा, संस्कृति और पहचान को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मैं तमिलनाडु में पैदा नहीं हुआ, लेकिन यहां के लोगों से मेरा गहरा रिश्ता है। तमिल भाषा और संस्कृति पर हमला करना अस्वीकार्य है। यह संविधान की मूल भावना के खिलाफ है।

महिला आरक्षण पर बोलीं ममता

## भाजपा का पतन शुरू हो गया, अब धड़ाम हो रही



**हावड़ा।** महिला आरक्षण बिल के गिरने के बाद बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने प्रधानमंत्री पर बिना नाम लिए जोरदार हमला बोला है। मोदी सरकार बहुमत के बिना सिर्फ दूसरों के सहारे टिकी है। यह बिल संसद में पास नहीं हो सका। विपक्ष ने इसे गिरा दिया। हावड़ा के उलुबेरिया में चुनावी रैली के दौरान ममता ने कहा कि 'कल से पतन शुरू हो गया है, तभी तो बाबू को राष्ट्र के नाम संबोधन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का बहुमत नहीं है। 2 के सहारे बैठी है। ममता ने यह भी कहा कि उन्होंने बंगाल चुनाव के दौरान अपने सांसदों को दिल्ली भेजा था भाजपा को हराने के लिए। उन्होंने कहा कि भाजपा 'धड़ाम धड़ाम' हो रही है।

## हाई कोर्ट ने सहायक प्रोफेसरों की नियुक्त की रद्द

**कोलकाता।** बंगाल में 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान है। इसी बीच कलकत्ता उच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग की एक फैसले को रद्द कर दिया है। चुनाव आयोग ने चुनाव के लिए कुछ सहायक प्रोफेसरों को पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त करने का फैसला लिया था। बंगाल सरकारी कॉलेज शिक्षक संघ से संबंधित याचिकाकर्ताओं ने विधानसभा चुनावों के लिए मतदान केंद्रों में पीठासीन अधिकारी के रूप में अपनी नियुक्ति को चुनौती देते आवेदन दायर किया था।



चुनाव आयोग की कार्रवाई

## टीएमसी का प्रचार करने वाले 3 बीएलओ सस्पेंड, एफआईआर



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए चुनावी ड्यूटी में लगे 3बूथ-स्तरीय अधिकारियों को निलंबित करने की घोषणा की। ईसीआई ने राज्य प्रशासन को संबंधित पांचों बीएलओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और एफआईआर दर्ज करने का निर्देश भी दिया। आयोग ने अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया है। इनमें तपन कुमार साहा, अविजित डे, और कुमारजीत दत्ता शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### निशांत कुमार को मिली जेड सिक्योरिटी सुरक्षा



**पटना।** बिहार के सियासी गलियारे से बड़ी खबर है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को जेड श्रेणी की सिक्योरिटी मिली है, जबकि विजय सिन्हा की सुरक्षा को घटाकर जेड किया है। श्रवण कुमार को वाई प्लस विद एस्कॉर्ट स्तर की सुरक्षा मिली। मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद नीतीश कुमार ज्यादा पावरफुल हो गए हैं।

### 10वीं तक मराठी नहीं पढ़ाई तो होगी कार्रवाई



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों में कक्षा एक से 10वीं तक मराठी भाषा को अनिवार्य की गई है। जो स्कूल इस नियम का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है। 2020-21 से राज्य के सभी स्कूलों में मराठी एक अनिवार्य विषय है।

### पकड़ा गया नोएडा प्रोटेस्ट हिंसा का मास्टरमाइंड



**नोएडा।** वर्कर्स के हिंसक प्रदर्शन मामले में उत्तर प्रदेश की एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता आदित्य आनंद को दबोच लिया है। उसे तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है। जांच में कई खुलासे हुए है। हिंसा फैलाने के लिए 80 से अधिक वॉट्सएप ग्रुप बनाकर सुनियोजित तैयारी थी।

### सीएम चौधरी 24 को पेश करेंगे विश्वास मत



**पटना।** बिहार में नवनियुक्त सीएम सम्राट चौधरी के नेतृत्व में गठित एनडीए की नई सरकार के विश्वास मत पेश करने की तारीख आ गई है। बिहार विधानसभा के एक दिनी विशेष सत्र की तिथि का ऐलान हो गया है। विधानसभा सचिवालय ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी। यह विशेष सत्र 24 अप्रैल को बुलाया है। वे विश्वास मत हासिल करेंगे।

## महिला आरक्षण को लेकर भाजपा पूरे गठबंधन पर हमलावर

भाजपा सांसदों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी

# क्या महिलाएं इस्तेमाल का विषय हैं, प्रियंका कौन सी भाषा बोल रहीं? कांग्रेस को महिलाओं-संसद पर भरोसा ही नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि कांग्रेस के मंच से उनकी महिला सांसद की तरफ से कहा गया कि महिलाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। क्या महिलाएं इस्तेमाल का विषय हैं? यह कैसी भाषा है?महिला रिजर्वेशन बिल पर सरकार को घेरने वाली सांसद प्रियंका गांधी पर अब रविशंकर ने पलटवार किया है। रविशंकर प्रसाद ने महिला कोई सामान हैं क्या? प्रियंका की ये भाषा ही गलत है। सामान्यतः प्रियंका गांधी पर मैं कुछ नहीं बोलता हूं,लेकिन आज पहली बार टिप्पणी कर रहा हूं। उसे कोई इस्तेमाल का विषय बताया जा रहा है। इसी सोच का नतीजा था कि यूपीए के समय बिल को फाड़ा गया था। कांग्रेस को न महिला पर भरोसा है और न संसद पर भरोसा है। पीड़ा की बात ये है कि दक्षिण भारत के लोग भी उनके झांसे में आए जो ठीक नहीं है।

रविशंकर और ईरानी ने विशेषकर प्रियंका से किए सवाल

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि कांग्रेस के मंच से उनकी महिला सांसद की तरफ से कहा गया कि महिलाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह क्या भाषा है?

महिलाओं के विषय में वे क्या बोल रहीं समझ रहीं




### सीटों का पुनर्गठन परिसीमन के बिना नहीं हो सकता

रविशंकर कहा कि विपक्ष ने महिला आरक्षण बिल गिराने के बाद जश्न मनाया। कांग्रेस को संविधान में विश्वास नहीं है। कांग्रेस की मंशा सिर्फ दिखावे की है। कांग्रेस ने महिलाओं का हक छीना। कांग्रेस का क्रूर चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि बिल गिरने से देश की महिलाओं को नुकसान है। जिस देश की नारी दुर्गा, काली, सरस्वती और मां है, उसे इस्तेमाल की वस्तु बताया जा रहा है। इसी सोच के कारण यूपीए के समय बिलों को फाड़ा गया। कांग्रेस जानबूझकर नहीं समझने का नाटक भी करती है। विधानसभा या लोकसभा की सीटों का पुनर्गठन परिसीमन के बिना नहीं हो सकता। परिसीमन जनसंख्या के आधार पर होता है।

स्मृति ने भी किया पलटवार

## कांग्रेस की यह चाल महिलाएं याद रखेंगी



भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने कहा कि महिलाओं के अधिकार न देकर कांग्रेस ने जश्न मनाया। हर दर्द महिलाएं याद रखेंगी। कांग्रेस और उसके समर्थक दलों ने इस बात का उत्सव मना रहे हैं कि जो महिलाएं 33 फीसदी का आरक्षण मांग रही थीं, उन्हें अधिकार से वंचित रखा गया।

### कांग्रेस का क्रूर चेहरा देश के सामने उजागर

महिलाएं याद रखेंगी कि 25 करोड़ महिलाओं को बैंक का खाता खोलने में कांग्रेस सरकार से कोई मदद नहीं मिली। 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को कांग्रेस ने आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं नहीं दी। 33 फीसदी आरक्षण का विधेयक एनडीए की सरकार में आया। कांग्रेस का क्रूर चेहरा सामने है।

रिजिजू ने सिक्किम का वीडियो शेयर किया

### आरक्षण बिल पर समर्थन देखिए



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए सिक्किम से एक विरोध प्रदर्शन का वीडियो शेयर किया और इसे 'कड़ी चेतावनी' बताया। वीडियो को शेयर करते हुए रिजिजू ने लिखा कि कांग्रेस के लिए कड़ी चेतावनी। एक छोटे राज्य सिक्किम से संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण के लिए कितना जबरदस्त समर्थन मिल रहा है?

विपक्ष ने देश की महिलाओं से किया विश्वासघात

### राहुल के घर के बाहर भाजपा का जोरदार प्रदर्शन, पुतला भी जलाया



दिल्ली में राहुल गांधी के घर के बाहर शनिवार को भाजपा ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह महिला आरक्षण बिल को सपोर्ट नहीं करने को लेकर किया जा रहा है। इस प्रदर्शन का नेतृत्व खुद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेका गुप्ता और वीरेंदर सचदेवा ने किया। उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री को पत्र लिखेगा विपक्ष

### पुराने महिला आरक्षण बिल को लागू करने की करेगा मांग



विपक्षी दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखने की तैयारी में हैं। इस में पुराने महिला आरक्षण बिल को लागू करने की मांग की जाएगी। इसको लेकर इंडिया गठबंधन के दल देशभर में मीडिया वार्ता भी करेंगे।

प्रियंका गांधी बोलीं

### महिलाओं का मसीहा बनना आसान नहीं

विधेयक पारित न होने के बाद कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जो कुछ हुआ, वह लोकतंत्र और संविधान की बड़ी जीत है। सरकार संघीय ढांचे को कमजोर और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की साजिश रच रही थी। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ संविधान और देश की जीत है, बल्कि विपक्ष की एकजुटता की भी जीत है, जो सत्ताधारी दल के नेताओं के चेहरों पर साफ दिखाई दे रही थी।



### सोमवार को संसद बुलाइए, पुराना बिल लाइए, समर्थन करेंगे

प्रियंका गांधी ने सरकार को चुनौती दी है। प्रियंका ने कहा कि सरकार सोमवार को वह बिल लेकर आए, जिसे 2023 में सभी दलों ने समर्थन दिया था। सोमवार को ही संसद बुलाई जाए, हम सभी इसको समर्थन देंगे।

### पार्टी महिलाओं के आरक्षण के खिलाफ नहीं: शशि थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि उनकी पार्टी महिलाओं के आरक्षण के खिलाफ नहीं है और वह इसे तुरंत लागू करने के पक्ष में है। लेकिन उनका आरोप है कि सरकार ने इसे परिसीमन के मुद्दे से जोड़कर जटिल बना दिया है।

## कैबिनेट ने 3 बड़ी परियोजनाओं को दी मंजूरी

# पीएमजीएसवाई-3 मार्च 2028 तक बढ़ी, 83,977 करोड़ स्वीकृत

## ग्रामीण इलाकों में मुख्य सड़कों और जरूरी संपर्क मार्ग होंगे मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-3) के तीसरे चरण को मार्च 2025 के बाद बढ़ाकर अब मार्च 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। इसके लिए संशोधित बजट 83,977 करोड़ तय किया गया है। इसके तहत ग्रामीण इलाकों में मुख्य सड़कों और जरूरी संपर्क मार्गों को मजबूत किया जाएगा।गांवों को ग्रामीण कृषि बाजार (ग्राम), उच्च माध्यमिक स्कूलों और अस्पतालों से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। इससे ग्रामीण सड़कों के उन्नयन का काम पूरा हो सकेगा और लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे व्यापार को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इससे परिवहन समय और लागत कम होगी।

### 161 पुलों को भी बनाया जाएगा

इसके अलावा, लंबी दूरी के पुल भी योजना में शामिल किए गए हैं। ऐसे 161 पुलों को मंजूरी दी जाएगी, जिनकी अनुमानित लागत 961 करोड़ रुपए है। इन्हें पहले से स्वीकृत सड़कों के साथ जोड़ा जाएगा।सरकार का कहना है कि इस योजना के विस्तार से रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। सड़क निर्माण के जरिए सीधे रोजगार मिलेगा, जबकि अप्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण व्यवसाय और सेवाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।



मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स

उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश को दी सौगात

### 24,815 करोड़ के 2 अहम रेलवे प्रोजेक्ट्स भी मंजूर

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के लिए 24,815 करोड़ की लागत वाली रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी। इनके तहत दोनों राज्यों के 15 जिलों में रेलवे नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा।

भारतीय जहाजों की सुरक्षा के लिए 12,980 करोड़

### 'भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस पूल' प्रस्ताव को दी मंजूरी

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक अनिश्चितता के बीच सरकार ने भारतीय जहाजों और समुद्री व्यापार को सुरक्षित रखने के लिए बड़ा कदम उठाया है। बैठक में 12,980 करोड़ रकी सरकारी गारंटी के साथ एक घरेलू बीमा पूल बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

हिमाचल में नया फैसला

## सीएम, स्पीकर, मंत्री और विधायकों के वेतन कटेंगे

एजेंसी ▶▶ शिमला



हिमाचल सरकार की ओर से मुख्यमंत्री, मंत्री, विधानसभा स्पीकर और विधायकों के वेतन में कटौती करने का फैसला लागू हो गया है। सुक्खू सरकार ने वेतन कटौती के फैसले को लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। सीएम के मासिक वेतन में 50 प्रतिशत, मंत्रियों के 30 और विधायकों के वेतन में 20 फीसदी की कटौती का ऐलान किया गया था।

### सीएम का 50, मंत्रियों का 30 फीसदी कटेगा

प्रदेश की गंभीर आर्थिक स्थिति को देखते हुए सीएम के वेतन का 50, मंत्रियों के वेतन का 30 और विधायकों के वेतन का 30 प्रतिशत अस्थाई रूप से रोकने का फैसला किया था। आगामी 6 महीनों के लिए पूरा वेतन देने पर रोक लगाई गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा था कि पिछली सरकारों के समय वेतन और पेंशन से जुड़ी देनदारियां बढ़कर करीब 13,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गई थीं।